एक नजर में

स्वच्छता साथियों को दिया प्रशिक्षण

राजगढ़ 10 मई, का. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जिला समन्वयक महेश सौराष्ट्रीय, भूजल वैज्ञानिक लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल नलजल योजना में पेयजल स्रोत नलकूप के आसपास साफ सफाई एवं पानी की टंकी की वर्ष में दो बार साफ सफाई की जानकारी दी गई.

वर्ष की द्वितीय नेशनल लोक अदालत आयोजित

राजगढ़ 10 मई, का. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली (नालसा) के कैलेण्डर अनुसार एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय राजगढ़ के मार्गदर्शन में शनिवार को वर्ष 2026 की द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला मुख्यालय राजगढ़ सहित तहसील न्यायालय ब्यावरा, नरसिंहगढ़, सारंगपुर, खिलचीपुर एवं जीरापुर में एक साथ किया गया. जिला मुख्यालय राजगढ़ में नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ कार्यक्रम जिला न्यायालय परिसर स्थित ए.डी.आर. सेंटर के सभागार में प्रधान जिला न्यायाधीश राजीव म. आपटे के मुख्य आतिथ्य, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा तथा पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के विशेष आतिथ्य एवं विशेष न्यायाधीश उपेन्द्र प्रताप सिंह, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय विकासचंद्र मिश्र, जिला न्यायाधीश लखनलाल गोस्वामी, सुरेश कुमार शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्टेट श्रीमती नीलिमा देव दत्त तथा व्यवहार न्यायाधीशगण जितेन्द्र कुमार शर्मा, सुश्री अर्चना मर्सकोले, सुश्री अस्मिता संकत, वीरसिंह धाकड़ एवं पूर्णांक चौबे व प्रशिक्षु न्यायाधीश देवेश पांडेय की उपस्थिति में किया गया. इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव देवदत्त भी संयोजक की भूमिका में उपस्थित रहे. नेशनल लोक अदालत को सफल बनाये जाने में समान सहभागिता करने वाले सदस्यों में जिला अभिभाषक संघ राजगढ़ के अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्तागण तथा जिला अभियोजन अधिकारीगण, शासकीय अधिवक्ता सहित लीगल एड डिफेंस काउंसेल के अधिवक्ता तथा विभिन्न विभागों की ओर से बैंक शाखाओं के प्रबंधक, नपा की ओर उपस्थित अधिकारी, बीएसएनएल तथा विद्युत विभाग के अधिकारी एवं जिला न्यायालय के अधिकारी, कर्मचारी आदि भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे. कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश श्री राजीव म. आपटे द्वारा नेशनल लोक अदालत आयोजन की मूल मंशा से परिचित कराया गया.

1914 प्रकरणों आए निराकरण के लिए- जिला एवं तहसील न्यायालय स्तर पर आयोजित की गई नेशनल लोक अदालत में आमजनों व पक्षकारों की सहमति से न्यायालयों पूर्व से लंबित व लोक अदालत में निराकरण हेतु प्रस्तुत कुल 1914 रखे गये. जिनमें कि निम्न प्रकृति के नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित एवं प्रीलिटीगेशन मामलों के निराकरण हेतु जिला न्यायालय राजगढ़ में 08, तहसील न्यायालय, ब्यावरा 07, नरसिंहगढ़ एवं सारंगपुर 05 - 05, खिलचीपुर एवं जीरापुर 02 - 02, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग, राजगढ़ एवं पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र राजगढ़ हेतु 01 - 01 खंडपीठ गठित की गई है, जिले में कुल 31 खंडपीठे गठित की गई हैं.

स्वास्थ्य केन्द्रों से प्राथमिक सुविधाएं भी गायब

जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भगवान भरोसे, कहीं स्टॉफ तो कहीं संसाधनों की वर्षों से कमी

छापीहेड़ा में स्टॉफ की कमीं, लैब में ताले जबकि तलेन में कई सालों से जनरेटर और सोलर प्लेटों को झांकने कोई नहीं आया

नवभारत न्यूज

छापीहेड़ा 10 मई, सं. जिले के कस्बों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों से प्राथमिक सुविधाएं ही नदारद हो रही है. ऐसे में ये सिर्फ एक भवन रहे गए है जिन्हें हम स्वास्थ्य केन्द्र कह सकते है. जिले में छापीहेडा और तलेन कस्बों के स्वास्थ्य केन्द्रों का संचालन इसी तर्ज पर भगवान भरोसे हो रहा है.

छापीहेड़ा नगर का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इन दिनों कर्मचारियों की भारी कमी से जूझ रहा है. स्थिति यह है कि नाम भले ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का हो, लेकिन यहां आसपास के लगभग 40 गांवों के मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं. सीमित स्टाफ के भरोसे केंद्र का संचालन होने से मरीजों को समय पर उपचार और जांच सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं. मामले में डॉ. सुदर्शन शर्मा ने कहा कि अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर उच्च अधिकारियों को लिखित आवेदन भेज दिया गया है. जैसे ही स्टाफ की नियुक्ति होगी, स्वास्थ्य सेवाओं और व्यवस्थाओं में सुधार किया जाएगा. मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए विभाग लगातार प्रयास कर रहा है

एएनएम की तैनाती भी नहीं कर पा रहे

जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम के तीन पद लंबे समय से रिक्त पड़े हैं. वहीं लैब टेक्नीशियन का एकमात्र पद भी खाली होने के कारण पिछले दो वर्षों से पैथोलॉजी लैब बंद पड़ी है. लैब में ताला लगे रहने से मरीजों को सामान्य जांच तक के लिए जीरापुर, खिलचीपुर, राजगढ़, शाजापुर सहित अन्य शहरों का रुख करना पड़ता है. इससे मरीजों का समय और पैसा दोनों खर्च हो रहा है.

एक ड्रेसर मौजूद गार्ड गायब

स्वास्थ्य केंद्र में ड्रेसर के सेवानिवृत्त होने के बाद केवल एक ही कर्मचारी कार्यरत है. गार्ड का पद भी खाली पड़ा है. महिलाओं के उपचार और प्रसूति संबंधी सेवाओं के लिए केवल एक नर्सिंग ऑफिसर पदस्थ है, जिससे कार्यभार लगातार बढ़ता जा रहा है. कई बार कम स्टाफ होने के कारण कर्मचारी छुट्टी पर चले जाते हैं या प्रशासनिक कार्य से बाहर रहते हैं. यदि उसी दौरान कोई दुर्घटना या गंभीर मरीज पहुंच जाए तो उसे तत्काल उपचार नहीं मिल पाता.

तलेन में 15 साल से जनरेटर बंद, कबाड़ हो रहा 8 साल पहले लगे सोलर पैनल एक साल से बंद

नवभारत न्यूज, तलेन 10 मई, सं. जिले के तलेन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में करीब 15 साल पहले जनरेटर लगाया गया था जो कि बंद पड़ा है और कबाड़ होने के कगार पर है. खुले में रखे इस जनरेटर के निचले हिस्से में जंग लगने लगी है. वहीं सोलर पैनर करीब 8 साल पहले लगाए गए थे वे भी पिछले एक साल से बंद पड़े है. लंबे समय से ये खराब थे इसलिए एक वर्ष पूर्व इनको सुधारा गया. कुछ दिन बाद फिर से बंद हो गए. लाखों रूपए के ये संसाधन प्रसूति गृह को निर्बाध बिजली भी नहीं दे पा रहे है. ऐसे में यदि रात को कोई बड़ा हादसा हो, अस्पताल में आपात स्थिति में घायल, मरीज पहुंचे और बिजली चली जाए तो ईलाज अंधेरे या मोबाईल की रोशनी में किस प्रकार होगा यह समझा जा सकता है.

हनुमान मंदिर मार्ग निर्माण को लेकर गुराडिया गांव में विवाद

मामला थाने पहुंचा, ग्रामीणों ने शिकायत की

नवभारत न्यूज

खिलचीपुर 10 मई, सं. थाना अंतर्गत ग्राम गुराडिया में हनुमान मंदिर तक सड़क निर्माण को लेकर विवाद की स्थिति बन गई है. मंदिर जाने वाले रास्ते को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए हैं. शनिवार शाम बड़ी संख्या में ग्रामीण खिलचीपुर थाने पहुंचे और मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई. ग्रामीणों के अनुसार गांव के प्राचीन हनुमान मंदिर, माता मंदिर और भोलेनाथ मंदिर तक पहुंचने के लिए वर्षों से एक ही मार्ग का उपयोग किया जाता रहा है. श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ग्रामीणों ने आपसी सहयोग और चंदा एकत्र कर करीब एक वर्ष पहले सड़क निर्माण कार्य शुरू किया था.

हाल ही में सड़क पर मुरम डालने का कार्य किया जा रहा था, तभी कुछ लोगों द्वारा निर्माण कार्य का विरोध किए जाने से विवाद खड़ा हो गया. ग्रामीण भारतसिंह सहित अन्य लोगों ने आरोप लगाया कि गांव के कुछ व्यक्ति मंदिर तक जाने वाले रास्ते को रोकने का प्रयास कर रहे हैं. उनका कहना है कि श्रद्धालुओं के साथ अभद्र व्यवहार किया जा रहा है तथा सड़क निर्माण कार्य में लगातार बाधा डाली जा रही है. ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में मंदिर तक पहुंचना बेहद कठिन हो जाता है, इसलिए स्थायी सड़क निर्माण आवश्यक है.

प्रभातफेरी और भजनों पर आपत्ति का आरोप- ग्रामीणों ने अपने आवेदन में यह भी उल्लेख किया कि गांव में निकलने वाली प्रभातफेरी और माइक पर बजने वाले भजनों को लेकर भी आपत्ति जताई जा रही है. आरोप है कि मंदिर के पुजारी को माइक नहीं चलाने की चेतावनी दी गई तथा धार्मिक गतिविधियों को रोकने की कोशिश की गई, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी का माहौल बन गया है. ग्रामीणों ने शिकायत में यह भी आरोप लगाया कि जिन लोगों पर रास्ता रोकने के आरोप लगाए जा रहे हैं, उनके परिवार के दो सदस्य पुलिस विभाग में पदस्थ हैं, जिसके चलते गांव के लोग दबाव महसूस कर रहे हैं. ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत देने के बावजूद अब तक प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है. ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि स्थानीय स्तर पर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे जिला मुख्यालय से लेकर भोपाल तक उच्च अधिकारियों से शिकायत करेंगे. वहीं पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों की ओर से आवेदन प्राप्त हुए हैं और पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.

नाले की पुलिया के गेट चोक हुए, आपदा को आमंत्रण

बारिश में निकासी नहीं होने से निर्मित होंगे बाढ़ के हालात

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 10 मई, का. नगर में छोटे-बड़े आधा दर्जन नाले है. प्रमुख नाला नगर के मध्य से होकर गुजरा है. किंतु अधिकांशतः नाले की पुलियाओं के गेट मलबे से पूरी तरह पैक हो चुके है. पानी निकासी बुरी तरह ठप्प है. ये हालात किसी प्राकृतिक आपदा, बारिश के दिनों में बाढ़ का खतरा निर्मित करने के लिए काफी है.

गौरतलब है कि सुठालिया रोड से जूना ब्यावरा, अहिंसा द्वार होते हुए प्रमुख नाला अजनार नदी में जाकर मिलता है. नाले पर लगभग आधा दर्जन पुलिया बनी हुई है. अधिकांश पुलियाओं के गेट मलबे से बुरी तरह जाम है. सुठालिया रोड पर बुनियादी स्कूल के समीप पुलिया जैन मंदिर के समीप जूना ब्यावरा, अहिसा द्वार के समीप पुलिया के गेट मलबे से पैक हो चले है.

पानी की निकासी अवरुद्ध

पुलियाओं के गेट मलबे से जाम होने के कारण बारिश के दिनों में पानी की समुचित निकासी नहीं होने के कारण पानी आसपास फैलेगा और बाढ़ की स्थिति निर्मित होगी. समय रहते यदि पुलियाओं के गेट से मलबे को नहीं हटाया गया तो बारिश में हालात विकट हालात होंगे.

बारिश पूर्व सफाई अभियान की दरकार

बारिश के पूर्व नपा द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाकर जाम हो रहे पुलियाओं के गेट ओपन करने तथा नाले में जमा मलबे को हटाना होगा वरना वर्तमान में नजर आ रहे हालात बारिश में भयावह बाढ़ के हालात निर्मित कर सकते है.

नाले में मशीन तक की जगह नहीं

एक दशक पूर्व तक नाले में मलबा साफ करने के लिए जेसीबी मशीन उतर जाया करती थी किंतु वर्तमान में नाले के आसपास अतिक्रमण होने से अब मशीन उतरने तक की जगह नहीं बची है. ऐसे में जूना ब्यावरा से लेकर अहिंसा द्वार तक नाले की सफाई होना मुश्किलों भरा है.

सफाई अभियान चलेगा

नपा के अनुसार जल्द ही विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा. नाले, नालियों की व्यापक स्तर पर सफाई कराई जाएगी. पुलियाओं एवं नाले में जमा मलबे, कचरे को बाहर निकाला जाएगा ताकि बारिश में समुचित रुप से पानी की निकासी हो सके.

40 डिग्री के आसपास अधिकतम तापमान

कभी तेज गर्मी का प्रकोप तो कभी मौसम में नमी

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 10 मई, का. मई माह के दूसरे सप्ताह में प्रायः अधिकतम तापमान 41 से 43 डिग्री तक जा पहुंचता है वही इन दिनों मौसम के बदलते मिजाज के कारण कभी गर्मी का प्रकोप तो कभी मौसम में नमी का वातावरण बना हुआ है.यही कारण है कि अधिकतम तापमान 40 डिग्री के आसपास बना हुआ है.

रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 40.3 रहा जो कि एक दिन पूर्व शनिवार को 40.7 डिग्री था. वर्तमान में तेज हवाएं, बारिश का सिलसिला चल रहा है. मौसम विभाग भोपाल के अनुसार तीन-चार दिन तक अधिकतम तापमान बढ़ सकता है. इसके बाद कोई सिस्टम स्ट्रांग होने पर फिर मौसम में बदलाव की स्थिति बन सकती है. रविवार को सुबह से ही गर्मी का प्रकोप रहा. दोपहर बाद हवाओं के चलने से कुछ राहत मिली.



राखी नामदेव का देवलोकगमन

नवभारत न्यूज, ब्यावरा 10 मई, का. जूना ब्यावरा निवासी दिनेश नामदेव की धर्मपत्नी श्रीमती राखी नामदेव का रविवार को अस्वस्थता के चलते देवलोकगमन हो गया. वह महेश एवं सुरेश नामदेव की भाभीजी थी. श्रीमती नामदेव सहज, सरल, मिलनसार एवं धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थी. उनके निधन से परिजनों, रिश्तेदारों में गहरा शोक छा गया. स्थानीय मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार किया गया. दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की.

कागजों में स्वच्छता अभियान, नगर के आम रास्तों पर कचरा

नवभारत न्यूज

जीरापुर 10 मई, सं. नगर के मध्य मुंदड़ा पेट्रोल पंप के समीप शासकीय उत्कृष्ट स्कूल सहित नगर की आवास कालोनी भण्ड़ावद रोड़ जोड़ने वाले मुख्य गली कचरा से भरी हुई है. जिसमें आवागमन बना रहता है. दुसरी ओर देखा जाये तो दिनांक 1 मई से लेकर 31 मई तक खेल और युवा कल्याण विभाग के द्वारा उत्कृष्ट स्कूल परिसर में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है. जिसमें 6 वर्ष से लेकर यूनिवर्सिटी तक के छात्र छात्राएं भाग ले रहे हैं.

यह समर कैंप सुबह 6 से 8 बजे तक प्रतिदिन चलता है, इस दौरान सुबह-सुबह छात्र इसी कचरा और गंदगी भरे रास्ते से गुजरते हैं. जो सीधा सीधा छात्रों की सेहत पर असर डालने का काम कर रहा है. कचरे में गंदी बदबू इतनी होती है कि बच्चे निकल नहीं पाते. मच्छर-मखियों की भरमार रहती है. हवा चलती है तो कूढ़ा-कचरा उड़कर पूरे रास्ते में फैल जाता है. जो शारीरिक रूप से नुकसान दायक है. इस समस्या से पूर्व में भी स्कूल के रास्ते की गंदगी को लेकर समाचार प्रकाशित कर नगर परिषद को अवगत कराया जा चुका है. लेकिन नगर परिषद की अनदेखी से आम राहगीरों सहित छात्र छात्राओं को भारी परेशानी से गुजरना पड़ता है. जो बीमारी का कारण बन सकता है.

डॉ. प्रिया गुप्ता का पूर्व नपाध्यक्ष सादानी ने किया स्वागत, कहा- बेटियां गौरव

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 10 मई, सं. शहर के वरिष्ठ समाजसेवी कृष्णगोपाल गुप्ता की सुपुत्री एवं शहर लाडली प्रिया गुप्ता ने चिकित्सा क्षेत्र में एक बडी उपलब्धि हासिल करते हुए एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त की है. प्रिया की इस सफलता से न केवल उनके परिवार में खुशी का माहौल है, बल्कि उन्होंने पूरे सारंगपुर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है. शनिवार को नगर के पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रूपल प्रमोद सादानी ने प्रिया गुप्ता के डॉक्टर बनने की उपलब्धि पर उनके निवास स्थान पर पहुँचकर उनका भव्य स्वागत व सम्मान किया. सादानी ने कहा कि बेटियों की सफलता समाज की प्रगति का आईना है. बेटियों का सम्मान, सारंगपुर का गौरव हैं. इस गौरवमयी उपलब्धि पर इष्ट-मित्रों, शुभचिंतकों और स्थानीय नागरिकों ने डॉ. प्रिया गुप्ता और उनके पिता कृष्णगोपाल गुप्ता को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है. उल्लेखनीय है कि डॉ. प्रिया गुप्ता की शैक्षणिक यात्रा शुरू से ही उपलब्धियों भरी रही है. उन्होंने कक्षा 10वीं और 12वीं में भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर शहर का नाम रोशन किया था. उनकी इसी प्रतिभा को देखते हुए तत्कालीन नगर पालिका अध्यक्ष रूपल सादानी द्वारा उन्हें पूर्व में 5000 रुपये की प्रोत्साहन राशि और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया था.

कर्मचारियों की आवश्यकता है

हॉस्टल के लिए चौकीदार, खाना बनाने वाली बाई एवं वार्डन की आवश्यकता है. वेतन योग्यता अनुसार. रहना खाना फ्री.
संपर्क - के के मेमोरियल पब्लिक स्कूल राजगढ़ **मोबाइल** 9827869751 **बिल 22 मई**

आयोजन मदर्स डे पर हुए जिले भर में आयोजन, ब्रह्मकुमारी विवि में मातृ शक्ति सम्मान किया

मां धरती पर भगवान का दूसरा रूप होती है : मधु दीदी

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 10 मई, का. ब्रह्माकुमारी के स्थानीय शिव वरदान भवन मे मां सुखी परिवार की आधारशिला विषय पर मातृ दिवस कार्यक्रम बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया. इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित सभी मातृ शक्तियों का तिलक दुपट्टा एवं ताज पहनाकर सम्मान किया. कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री मोना सुस्तानी, जिला पंचायत के एडिशनल सीईओ अर्पित कुमार गुप्ता समाजसेवी प्रताप सिंह सिसोदिया एवं ब्रह्माकुमारीज की जिला प्रभारी बीके मधु दीदी मुख्य रूप से उपस्थित रही.

इस अवसर पर बिके मधु दीदी ने शुभकामना देते हुए कहां की मां ईश्वर का दिया अमूल्य उपहार है या ईश्वर का दूसरा रूप कहे तो भी अतिशयोक्ति नहीं होगा। जो नो माह तक बच्चे को कोख में पालती है, जन्म दे लायक बनाती है, मां की गोद बच्चो के लिए शीतल छत्रछाया है, जिसमें वह सब दुख दर्द भूल कर जिंदगी का आनंद लेता है, दूसरी होती है धरती मां जो सभी को केवल देती ही रहती है. ऐसी माता का उपकार शब्दों में बयान करना पर्याप्त नहीं है. वैसे ही एक है परमपिता परमात्मा शिव जो हम आत्माओं का पिता भी है और माता भी है, जो वर्तमान में इस धरा पर अवतरित हो हमे ज्ञान की पालना दे रहे है, हमारी कमी - कमजोरियों को मिटाए देवी देवताओं समान गुणवान बना रहे है. मोना सुस्तानी ने भी इस अवसर पर अपने भाव रखते हुए कहां कि माँ की ही ताकत है जो खुद में क्षमता नहीं होते हुए भी अथक परिश्रम करके बच्चे को क्या से क्या बना देती है। माँ त्याग,बलिदान और समर्पण की मूर्ति है. उन्होंने अपना अनुभव सुनाते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान में ब्रह्माकुमारी बहनें भी मातृवत आध्यात्मिक पालना और प्यार देती है, संरक्षण देती है. माताओं के सम्मान मे कपिल गुप्ता, प्रवेश मोदी, ध्वज, अक्षी गुप्ता एवं कुमारी तनिष्क ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किये. समाज सेवी प्रताप सिंह सिसोदिया ने मातृ शक्तियों का आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमारी दीपिका बहन ने किया.

7 दिवसीय डिवाईन समर कैम्प आयोजित

छापीहेड़ा 10 मई, सं. ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा नगर में 7 दिवसीय डिवाइन समर कैम्प का आयोजन किया गया है. डिवाइन समर कैम्प का उद्घाटन नगर परिषद से राम नागर एवं शिशु मंदिर के कोषाध्यक्ष कैलाश अग्रवाल, बीके सीमा, संगीता, बालचंद पाटीदार ने दीप प्रज्वलन कर किया. समर कैम्प में बच्चों को सकारात्मक चिंतन विषय पर समझाया गया. ब्रह्माकुमारी सीमा ने विषय को स्पष्ट करते हुए कहा की सकारात्मकता हमे मजबूत, शक्तिशाली बनाती है. हम अपने अंदर जितने अधिक गुण व शक्ति को धारण करते है उतना ही हम पॉजिटिव बनते है. समर कैम्प में बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए गेम्स, एक्सरसाइज, आध्यात्मिक ज्ञान, मेडीटेशन कराया गया. नित्य ही प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया है. यह समर कैम्प दिनांक 10 से 16 मई तक, 8 से 15 साल के बच्चो के लिए रहेगा.

दिन-दहाड़े मोटर सायकल चोरी

नवभारत न्यूज

पचोर 10 मई, सं. पचोर स्थित प्रेस कॉलोनी में दिन दहाड़े घर के बाहर खड़ी मोटर सायकल को चोरी कर ले जाने की घटना प्रकाश में आई है. जानकारी के अनुसार प्रेस कॉलोनी निवासी शैलेन्द्र शर्मा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि रविवार को उन्होंने मोटर सायकल क्रमांक एम.पी.39, एम.एम. 4679 को प्रेस कॉलोनी पचोर स्थित अपने घर के बाहर खड़ी कर दी थी. दोपहर 1.30 बजे करीब जब घर के बाहर निकलकर देखा तो मोटरसायकल वहां नहीं दिखी. सीसीटीवी फुटेज में दो अज्ञात लोग मोटरसायकल ले जाते हुए नजर आ रहे है. पुलिस थाना पचोर में रिपोर्ट दर्ज कराई है.

क्राईस्ट कॉलेज, ब्यावरा जिला राजगढ़

B.Ed. आवेदन प्रक्रिया 2026-27
प्रथम चरण (कॉलेज कोड - 384)
ऑनलाईन आवेदन एवं चार्जेस फिलिंग दिनांक 02/05/26 से 14/05/26 तक
दस्तावेजों का सत्यापन 04/05/26 से 15/05/26
सीट आवंटन 20/05/26
निर्धारित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेज, टी.सी. माईग्रेशन क सााथ भौतिक सत्यापन लिंक इनिशिएट कराना अनिवार्य 20/05/26 से 26/05/26 तक
महाविद्यालय के निर्धारित शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करना 20/05/26 से 26/05/26
नोट- यदि किसी आवेदक को ऑनलाईन दस्तावेज सत्यापन का SMS दिनांक 14/05/2026 तक प्राप्त नहीं होता है तो ऑनलाईन आवेदन के साथ अपने सभी मूल दस्तावेज लेकर निर्धारित हेल्प सेंटर पर दिनांक 15/05/2026 के पूर्व स्वयं उपस्थित होकर सत्यापन करावे.
विशेष जो विद्यार्थी दिनांक 25/05/2026 तक शासकीय महाविद्यालय में जाकर लिंक इनिशिएट करायेंगे सिर्फ वे ही दिनांक 26/05/2026 तक फीस जमा कर प्रवेश ले सकेंगे.
योग्यता - OBC एवं Gen-50% से एवं SC, ST-45%
आवश्यक दस्तावेज- 10वीं, 12वीं, स्नातक/स्नातकोत्तर की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, ऑरिजनल टीसी, माईग्रेसन, आधारकार्ड, समग्र आइडी.
नोट- प्रथम स्थान पर क्राईस्ट महाविद्यालय कॉलेज कोड 384 का चयन करें
संपर्क - 9826197054, 9340135607, 9425021625, 7803874337
04 मई से -04 जून 2026